## एक नजर में

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कल मिलेगा लैपटॉप

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप वितरित करेंगे. स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे.

### अकांक्षा योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 09 जुलाई

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्यातण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा बताया गया कि आकांक्षा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षा 10वीं उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से प्रत्येक आदिवासी विकासखण्ड से 250 एवं प्रत्येक गैर आदिवासी जिले से न्यूनतम 200 विद्यार्थियों के लिए आवेदन कराये जाने हेतु पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुये 09 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है. कक्षा 10वी उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी अधिक से अधिक स्क्क्ष्र पोर्टल पर तक आवेदन कर सकते है.

### अनेक गतिविधियों का हुआ आयोजन

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में मंगलवार को अनेक गतिविधियों का आयोजन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजमहल में किया गया. जिसमें वृक्षारोपण, नवीन केसीसी ऋण वितरण एवं टर्म लोन (लोन मेला) आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस दौरान उपायुक्त सहकारिता पी.सी. बरोठिया, प्र.मुख्य कार्यपलन अधिकारी दिलीप कुमार चौहान, शाखा प्रबंधक अमरसिंह यादव, आरएस अहिरवार, दीपक बडोलिया, रामबाबू जाटव, सुरेन्द्रसिंह चौहान, श्रीमती सोना त्रिपाठी, मोहित मौरे सहित अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित थे.

### ई-केवायसी कराने अभियान 15 तक

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित कर वास्तविक हितग्राहियों को राशन वितरण करने के लिये हितग्राहियों की ई-केवायसी करने की प्रक्रिया जारी है. उन्होंने बताया है कि शेष हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने तथा मृत तथा अपात्र एवं अस्तित्वहीन हितग्राहियों का मौके पर सत्यापन के बाद उनका नाम हटाने के लिये 1 से 15 जुलाई तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं.






# बारिश में बिना वाइपर की बस ट्रक में घुसी

## दुर्घटना में आधा दर्जन यात्री हुए घायल, खिलचीपुर-भोजपुर के समीप की घटना





नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर/ब्यावरा 02 जुलाई, सं. भोजपुर-खिलचीपुर के मध्य एनएच-52 पर मंगलवार की रात्रि को यात्रियों से भरी एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई, दुर्घटना में आधा दर्जन यात्री घायल हो गये इनमें कुछ को गंभीर चोट आई है. दुर्घटना का कारण भारी बारिश में बिना वाइपर के चालक का बस चलाना माना जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार भोपाल से शाम 5 बजे अजमेर जाने के लिए बस क्रमांक एम.पी. 09, फा. 7216 रवाना हुई. रात्रि करीब 10 बजे खिलचीपुर से लेकर भोजपुर थाना क्षेत्र में हल्की बारिश हो रही थी. इस दौरान खिलचीपुर और भोजपुर के बीच भोला ढाबा के समीप यह दुर्घटना हुई. चालक के अनुसार सामने से कार की तेज लाइट में कुछ दिखाई नहीं दिया. जैसे ही बस को साइड में किया सामने खड़े ट्रक से टक्कर हो गई.

बस चालक का कहना है कि बस रवाना होने के पूर्व ही वाइपर बंद हो गया था. बस मालिक को इसकी जानकारी देने पर उन्होंने ब्यावरा में वाइपर भिजवाया लेकिन वह छोटा निकला. जिसके बाद वह बस को कोटा की और लेकर रवाना हो गया.

### फिटनेस से जुड़ा विषय है बस का वायपर

बसों और चार पहिया वाहनों में कांच पर लगा वायपर फिटनेस की श्रेणी में आता है. यदि वह दुरूस्त नहीं है तो वाहन को फिट नहीं माना जा सकता. सुरक्षा मानकों के लिए वाहन में इस प्रकार वायपर लगाए जाते है. लेकिन इस वाहन में स्पष्ट हो चुका है कि बारिश के दिनों में अहम माने जाने वाले वायपर ही खराब थे. वाहन मालिकों द्वारा इस प्रकार की लापरवाही के कारण यात्रियों की जान संकट में पड़ जाती है. इस प्रकार के वाहनों के लायसेंस टर्मिनेट किए जाने चाहिए.

### अफरा-तफरी मची

घटना से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी, चीख पुकार मच गई. यात्री किसी तरह बस से बाहर निकले. स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस एवं एम्बुलेंस को बुलाया गया. पुलिस द्वारा तुरंत नागरिकों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया. एसडीएम अंकिता जैन, एसडीओपी आनंद राय, टीआई जितेन्द्र मावई अस्पताल पहुंचे तथा घायलों की देखरेख में जुट गये. घटना के बद भोजपुर पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया. प्रारंभिक जांच में दुर्घटना के पीछे खराब वाइपर और दृश्यता में कमी का होना सामने आया है.

### ड्रायवर ने बस मालिक को बताया था वायपर के बारे में

इधर पुलिस हिरासत में लिए गए बस चालक शाहरूख ने बताया कि बस रवाना होने के पूर्व ही वाइपर बंद हो गया था. बस मालिक को इसकी जानकारी देने पर उन्होंने ब्यावरा में वाइपर भिजवाया लेकिन वह छोटा निकला. जिसके बाद वह बस को कोटा की और लेकर रवाना हो गया.

### एसपी मौके पर, मदद के लिए पहुंचे लोग

दुर्घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय लोग पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा बचाव कार्य में जुट गये. दुर्घटना में ब्यावरा निवासी वीरेन्द्र कुमार उम्र 55 वर्ष, बस कंडक्टर किशनपुरिया निवासी भगवान सिंह उम्र 27 वर्ष को गंभीर चोट आई. जबकि बबलू तंवर उम्र 35 वर्ष, रमेश वर्मा उम्र 40 वर्ष, विक्रम तंवर उम्र 17 वर्ष, मांगीबाई उम्र 50 वर्ष भी घायल हो गये. घायलों को खिलचीपुर अस्पताल लाया गया. जहां से प्राथमिक उपचार के बाद वीरेन्द्र एवं भगवान सिंह को जिला अस्पताल रेफर किया गया. वहीं दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्ष अमित तोलानी भी मौके पर पहुंचे. अस्पताल में उन्होंने घायलों का हाल जाना और पुलिस को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए है. एसपी घटना के दौरान ही घायलों को रेफर करने की औपचारिकता पूर्ण होने तक अस्पताल में बने रहे.

## ठेकेदारों को समय पर काम निपटाने के निर्देश

**सारंगपुर 02 जुलाई, सं.** नपा सीएमओ सुश्री ज्योति सुनेरे द्वारा काफी दिव्यांग व्यक्ति को सीएमओ कक्ष में कान की मशीन प्रदाय की. 02 जुलाई को निर्माण कार्यों से जुड़े सभी ठेकेदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की जिसमें निकाय क्षेत्र अंतर्गत चल रही विभिन्न शासकीय योजनाओं अमृत 2.0, कायाकल्प अभियान, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक निर्माण, मुख्यमंत्री अघोसंरचना विकास योजना एवं सीएम मॉनिट आदि कार्यो की समीक्षा की तथा उपस्थिति ठेकेदार के द्वारा बताई गई समस्याओं का निराकरण हेतु आश्वस्त किया. बैठक के दौरान सुश्री सुनेरे ने ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण करें. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सुश्री सुनेरे ने सभी ठेकेदारों से जनहित में कार्यों को प्राथमिकता से लेने और निर्माण प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखने का भी आह्वान किया. बैठक में उन्होंने लोक निर्माण प्रभारी को निर्देश दिए कि जो ठेकेदार कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने में असमर्थ हैं या जिनके कार्यों की गुणवत्ता तय मानकों के तहत नहीं पाई जा रही है, उनका टेंडर निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही प्रस्तावित की जाये.

# पम्प संचालको ने रखी अपनी बात, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जुलाई, का. प्रशासन द्वारा पेट्रोल पम्पों की जांच की जा रही है इसको लेकर बुधवार को राजगढ़ डिस्ट्रीक पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के द्वारा अपना पक्ष रखते हुए एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया.**

ज्ञापन में कहा गया कि रतलाम पेट्रोल पम्प की घटना के बाद जिले के पम्पों की जांच की जा रही है यह स्वागत योग्य है, इसमें वह पूर्ण सहयोग कर रहे है किंतु कुछ तथ्य है जिसे वह ज्ञापन के माध्यम से रख रहे है. टैंक के पानी की जांच नोजल से होनी चाहिए. क्योंकि सभी ऑयल कम्पनी मानती है कि टैंक में प्रत्येक वर्ष कुछ न कुछ पानी आ जाता है जो कि हमारी पंजी में दर्ज किया जाता है. टैंक में डिस्पेसिंग यूनिट टैंक तल से 350 मिलीमीटर ऊपर होती है, ऐसे में लगभग 2700 मिली मीटर नीचे का माल नहीं निकल सकता है, भारत शासन ने भूमिगत स्टोरेज टैंक की सफाई पर किसी भी तरह की जनहानि को रोकने हेतु पूर्णता: प्रतिबंधित किया हुआ है, इस कारण 100 मिली मीटर डिप तक पानी हो सकता है. जिससे उपभोक्ता को कोई क्षति नहीं हो सकती है. अत: इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जांच की जाये ताकि हम भयमुक्त होकर व्यापार कर सके. इस दौरान जिले भर के डीलर उपस्थित रहे.

### सहकारी बैंक संचालक मण्डल के चुनाव 12 जुलाई को

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** निर्वाचन अधिकारी नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित बी.एल. यादव द्वारा बताया गया कि नागरिक सहकारी बैंक राजगढ के संचालक मण्डल के चुनाव 12 जुलाई, 2025 को होने वाली बैंक की विशेष साधारण सभा में किया जाना है. 30 जून, 2025 को नामांकन पत्र भरे जाएंगे.

# शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ली अहम जानकारियां

नवभारत न्यूज

**पचोर 02 जुलाई, सं. पचोर स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार एकेडमी के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत रेल्वे स्टेशन व अन्य स्थानों पर ले जाया गया.**

संस्था के एलकेजी, यूकेजी के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण ले जाया गया. भ्रमण के दौरान न केवल बच्चों ने आनंद लिया बल्कि कई नई, रोचक जानकारी प्राप्त की. शिक्षकों द्वारा विभिन्न स्थलों पर जाकर बच्चों को सरल एवं रोचक तरीके से जानकारी दी. रेल्वे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर जसराम मीणा द्वारा बच्चों को रेल्वे से जुड़ी रोचक जानकारियां दी. सुश्री रियांश गोयल एवं शिक्षकगण के नेतृत्व में बच्चों को भ्रमण पर ले जाया गया. इस अवसर पर शिक्षिका प्रियंका सक्सेना, प्रियंका उपाध्याय, अनुभा श्रीवास्तव, सपना चौहान, शिक्षक कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे. विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने इस आयोजन को लेकर बधाई दी.



# 56 रोगियों की जांच, 24 ऑपरेशन हेतु रवाना

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 02 जुलाई, सं. स्थानीय सेवा सदन में बुधवार को निशुल्क नेत्र, मोतियाबिंद ब्लड प्रेशर, शुगर जांच शिविर आयोजित किया गया. शुभारंभ भगवान धन्वंतरि, मां सरस्वती एवं संत हिरदाराम के चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चन, दीप प्रज्वलकर कर पदाधिकारी द्वारा किया गया.**

सहयोगी संस्था शाखा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार, सचिव नंदकिशोर सोनी ने जानकारी देते हुए बताया शिविर में 56 रोगियों की जांच की गई. जांच उपरांत 24 मोतियाबिंद एवं जाले के चिन्हित रोगियों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु संत हीरदाराम नगर भोपाल वाहन द्वारा भेजे गए. जनसेवा हेतु कृतसंकल्पित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय हिरदाराम नगर भोपाल की सहायक संस्था मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की मूल भावना हैं. मानव सेवा ही माधव सेवा हैं. स्थानीय केंद्र के डॉक्टर विशाल कुशवाहा एवं सहायिका रानी सोनी का विभिन्न जांचों में सक्रिय सहयोग रहा. शिविर संयोजक कांतिलाल सूरजमल चौधरी, प्रिंस क्लॉथ सेंटर प्रोपराइटर अनूप, अरविंद चौधरी ने शिविर में सभी को चाय बिस्कुट की सेवा देते हुए रोगियों को भोजन के निशुल्क पैकेट वितरण किए गए.



इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण शर्मा, विष्णु प्रसाद जोशी, प्रदीप सादानी, भेरूलाल मालवी, राजेंद्र टेटवाल, बाबूलाल पालीवाल, राम नारायण टेटवाल, रमेश चंद्र गुजरिया रमेश चंद महेश्वरी, श्री वल्लभ सोनी, विद्याधर कुंभकार, मीडिया जगत से हुकुम सोनी, कृष्णगोपाल गुप्ता, ओम पुष्पद, हरि नारायण त्रिकार, शिवनारायण मालवीय सहित अन्य कई नेत्र रोगी महिला पुरुष शिविर में उपस्थित रहे.

### सिद्ध तपस्वी संत की प्रतिष्ठित होगी मूर्ति

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** राजगढ़ नगर के सिद्ध तपस्वी संत जगन्नाथ जी गुरु महाराज के समाधि स्थल पर महाराजश्री की मूर्ति का अनावरण महोत्सव कार्यक्रम कल 4 जुलाई से शुरु होकर 6 जुलाई तक होगा. राजगढ़ स्थित श्री जगन्नाथ जी समाधि मंदिर रामलीला कॉलोनी में यह भव्य आयोजन होगा. चंद्रकांत भार्गव गुरुजी ने बताया कि 4 जुलाई को रामायण पाठ, मूर्तिवास कार्यक्रम होगा. 5 जुलाई को मूर्ति वास स्थापना एवं हवन शांति कार्यक्रम होगा. 6 जुलाई को मूर्ति अनावरण एवं महाप्रसादी वितरण दोपहर 12 से रात 8 बजे तक होगा. धर्मप्रेमी नागरिको से नगर में होने वाले इस आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.

# घर-घर जाकर ई केवायसी करेंगे वार्ड प्रभारी, पंचायत सचिव रोजगार सहायक

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जुलाई, का.** ई-केवायसी से शेष हितग्राहियों का घर-घर जाकर सत्यापन करने के लिये वार्ड प्रभारी पंचायत सचिव रोजगार सहायक की ड्यूटी लगाने के निर्देश कलेक्टर्स को दिये गये हैं. ई-केवायसी से शेष हितग्राहियों की सूची उचित मूल्य दुकान/ग्राम पंचायत/वार्ड कार्यालय पर चस्पा की जाएगी.

मौके पर उपलब्ध एवं पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान पर जाकर अथवा मेरा राशन एप पर फेस एथेंटिकेशन के माध्यम से ई-केवायसी करने के लिये अवगत कराने और हितग्राही के आधार नंबर में दर्ज नाम, मोबाइल नंबर त्रुटिपूर्ण होने एवं बायोमेट्रिक डाटा अपडेट न होने पर आधार केम्प में जाकर डाटा अपडेट कराने के निर्देश दिये गये है. पात्र हितग्राही द्वारा उचित मूल्य दुकान पर ई-केवायसी कराने पर आगामी दिवस में पात्रतानुसार राशन प्राप्त किया जा सकेगा. कलेक्टर्स को निर्देश दिये गये हैं कि ग्राम/वार्ड में सत्यापन के लिये नियत दिनांक की सूचना एक दिन पूर्व हितग्राहियों को विभिन्न माध्यमों से उपलब्ध कराई जाए.

ई-केवायसी की मॉनीटरिंग के लिये अनुभाग एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए, जिसमें सत्यापन दल द्वारा प्रतिदिन की कार्यवाही की जानकारी ली जाए. साथ ही पात्र ई-केवायसी करने में आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाए. शेष हितग्राहियों के ई-केवायसी करने एवं अपात्र मृत स्थाई पलायन दोहरे हितग्राहियों का विलोपन घर-घर जाकर सत्यापन अभियान के संबंध में स्थानीय जन-प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए. शेष हितग्राहियों के ई-केवायसी कराने का अभियान समाप्त होने तक भी ई-केवायसी नहीं होती है, तो यह समझा जाएगा कि या तो व्यक्ति अस्तित्व में नहीं है या फिर उसे राशन की आवश्यकता नहीं है. ऐसी स्थिति में उनके नाम को सूची से विलोपन की कार्यवाही पर विचार किया जा सकेगा.

### सार्थक एप पर अनुपस्थित तो नहीं मिलेगा वेतन

**राजगढ़/ब्यावरा 02 जुलाई, का.** शासन द्वारा सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया गया है. प्राय: देखने में आ रहा है कि शिक्षकों, कर्मचारी द्वारा सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे है. लोकसेवको का माह जुलाई का वेतन सार्थक एप पर दर्ज उपस्थिति के अनुरुप ही आहरित करना सुनिश्चित करें. इस तरह के आदेश विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं जन शिक्षक सार्थक एप दर्ज उपस्थिति की समय-समय पर मॉनीटरिंग करेंगे. अन्यथा की स्थिति में संबंधित प्राचार्य, संकुल प्राचार्य, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं जनशिक्षक का भी वेतन आहरित न किया जावे.

**बारिश** — निचले स्थानों पर पानी भराया, जिले भर में हुई भारी बारिश का असर

# रात भर हुई बारिश, खिलचीपुर में उफनी नदी

**राजगढ़ में 6 एवं ब्यावरा और खिलचीपुर में 4-4 इंच बारिश**



नवभारत टीम

**ब्यावरा/खिलचीपुर/राजगढ़ 02 जुलाई, सं. मंगलवार की रात्रि से जिले के अधिकांश स्थानों पर भारी बारिश शुरु हो गई. खिलचीपुर में गाडगंगा नदी उफान पर आ गई. कई छोटे मोटे नदी, नाले भी उफन गये. राजगढ़ में 6 इंच तथा ब्यावरा एवं खिलचीपुर में 4-4 इंच बारिश हुई है.**

रात 12 बजे के आसपास जिले में कई जगहों पर आकाशीय गर्जना के साथ झमाझम बारिश का सिलसिला शुरु हो गया. रात में शुरु हुआ बारिश का क्रम तड़क तक चलता रहा.

**छोटे पुल पर कई फीट पानी**

खिलचीपुर संवाददाता के अनुसार रात करीब 2 बजे से तेज बारिश शुरु हो गई जो तड़के 5 बजे तक होती रही. तीन घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने चहुंओर पानी ही पानी कर दिया. नगर की गाडगंगा नदी उफान पर आ गई. नदी पर मौजूद छोटे पुल के ऊपर से पानी बह निकला. पुल के कई फीड ऊपर से पानी बहने लगा जिससे आवागमन ठप्प हो गया1 कई निचले स्थानों पर निकासी के अभाव में पानी भर गया. नगर पालिका कार्यालय के पीछे, ईमली स्टेण्ड के पीछे सहित अन्य स्थानों पर पानी का भराव हो गया.

साढ़े चार घंटे हुई बारिश

जिला मुख्यालय राजगढ़ में रात 1 बजे से तेज बारिश होने लगी. रात भर बारिश का सिलसिला चलता रहा. सुबह 5.30 बजे तक अनवरत् रुप से बारिश होती रही. इससे नदी एवं आसपास के नाले बहने लगे.

जिले में सर्वाधिक बारिश ब्यावरा में दर्ज हुई है. बुधवार की सुबह 8 बजे तक जिले की तहसीलों में बारिश की स्थिति इस प्रकार है. जीरापुर 184 एमएम ,खिलचीपुर 256.4, राजगढ़ 291.1, ब्यावरा 422 एमएम, नरसिंहगढ़ 298.3, सारंगपुर 139.8 तथा पचोर में 276.2 एमएम बारिश हो चुकी है.

### स्कूल परिसर बना तालाब

जिले भर में कई शासकीय स्कूलों के भवन जर्जर अवस्था में होकर बारिश का पानी परिसर, प्रांगण में जमा हो जाता है. कई फीट तक पानी भर जाने से कक्षा तक पहुंचने में विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. ब्यावरा में राजगढ़ रोड स्थित शासकीय उमावि बड़े स्कूल के मैदान में बुधवार को बारिश का पानी भर जाने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. इसी प्रकार क्षेत्र में कई अन्य स्कूल है जहां बारिश का पानी परिसर में जमा हो जाता है. कुछ स्कूल भवन काफी जर्जर अवस्था में है. आंधी, बारिश के समय ऐसे भवनों को लेकर डर लगा रहता है.

## पोल टूटकर गिरे, दर्जनो गांवों की बिजली ठप्प



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 जुलाई, का.** मलावर क्षेत्र में बीती मध्य रात्रि को तेज हवा एवं बारिश के बीच फाल्ट होने के बाद कई गांवों में बिजली सप्लाई ठप्प हो गई, 12 घंटे बाद बुधवार की शाम को बिजली सप्लाई बहाल हो सकी. क्षेत्र में कुछ विद्युत पोल टूट गये. जानकारी के अनुसार बीती रात्रि 3 बजे बारिश के दौरान एकाएक बिजली चली गई. काफी देर तक फाल्ट नहीं मिल सका. मलावर जामी सब स्टेशन के तहत आने वाले ग्राम देवखेड़ी, जामुनिया, जामी, भीलखड़ी, खजूरखेड़ी, जमालपुरा, खेड़ी, खुशलपुर, गुंजारी, मलावरी, खेजड़ा मीना, आमलिया हाट, अरनिया, बूढ़ाखेड़ा, बोरदा, भगवतीपुर, अमरपुरा, गिंदोर मीना, तलावड़ा महाराजा सहित अन्य गांवों में बिजली सप्लाई ठप्प हो गई. बिजली नहीं होने से पेयजल समस्या के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया. बुधवार की शाम 4.30 बजे बिजली सप्लाई बहाल हो सकी.